जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

दिनांक 23.06.12

//प्रेस नोट//

कल (रविवार) दिनांक 24.06.12 जेआरएफ/नेट परीक्षा जून 2012 परीक्षा के लिए समस्त औपचारिकताएं पूरी करली गई है। नेट परीक्षा प्रात 9:30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 1:30 बजे से 4:00 बजे तक दो सत्रों में आयोजित होगी। नेट परीक्षा, के0आर0जी महाविद्यालय, ग्वालियर में विषय (सोशल वर्क, हिन्दी, फिजीकल एजूकेशन, एवं मास कम्यूनिकेशन) शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर में विषय (कॉमर्स, इंगलिश, लेवर वेलफेयर एवं लॉ) एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभाग/अध्ययनशालाओं में शेष 33 विषयों की आयोजित होगी। संबंधित छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र भेज दिये गये हैं यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र प्राप्त न हुआ हैं तो वह अर्थशास्त्र अध्ययनशाला में स्थित कन्ट्रोल रूम से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। छात्र/छात्राओं की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय के दोनों मुख्य द्वारों (गेटों) एवं कन्ट्रोल रूम पर विषयवार अनुक्रमांक एवं परीक्षा कक्ष/भवन की स्थिति दर्शाते हुए बैनर लगा दिये गये है। छात्रों के सहयोग के लिए दोनो मुख्य द्वारों (गेटों) एवं कन्ट्रोल रूम पर कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। परीक्षा में 4800 छात्र/छात्राएं सम्मिलित होंगे।

(जनसम्पर्क अधिकारी)

प्रति,

संपादक, समस्त स्थानीय दैनिक समाचार पत्र की ओर इस निवेदन के साथ कि उक्त जानकारी समाचार वृत्त के रूप में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(जनसम्पर्क अधिकारी)